प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने झारखंड में हेमंत सरकार पर सबसे भ्रष्ट सरकार होने का लगाया आरोप।
2. श्री शाह ने रांची में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा–घुसपैठ से झारखंड की बदल रही जनसांख्यिकी, राज्य सरकार भूमि जिहाद कर बिगाड़ रही जनसंख्या संतुलन।
3. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर शहर और केन्द्रवार नीट–यूजी परीक्षा का परिणाम वेबसाइट पर किया अपलोड।
4. रांची में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे पारा शिक्षकों पर पुलिस का लाठीचार्ज, छोड़े आंसू गैस के गोले, कई आंदोलनकर्मी घायल।

****

केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार पर देश की सबसे भ्रष्ट सरकार होने का आरोप लगाया है। श्री शाह ने रांची में झारखंड प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एक सांसद के आवास पर तीन सौ करोड़ रुपये बरामद किए गए और झारखंड के एक मंत्री के पीए से 30 करोड़ रुपये जब्त किए गए।

****

केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा कि बांग्लादेश से घुसपैठ के कारण झारखंड की जनसांख्यिकी बदल रही है। उन्होंने कहा कि सोरेन सरकार घुसपैठ पर ध्यान न देकर इसे वोट बैंक मान रही है।

श्री शाह ने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासियों के विकास के लिए कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आदिवासियों को आगे बढ़ाने का लगातार काम कर रही है।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी– एन टी ए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी का शहर–वार और केन्द्र–वार परिणाम अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। एन टी ए ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद परिणाम वेबसाइट पर डाले हैं। इससे पहले न्यायालय ने एन टी ए को उम्मीदवारों की पहचान की मास्किंग कर आज दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया था।

****

राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे पारा शिक्षकों पर पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे जाने और लाठीचार्ज में आधा दर्जन से ज्यादा आंदोलनकर्मी घायल हो गए। समान शिक्षा, समान वेतनमान समेत अन्य मांगों को लेकर राज्यभर के पारा शिक्षक लगातार आंदोलन करते आ रहे हैं।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 22 जुलाई से शुरु हो रहे विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर आज देवघर में वरीय पदाधिकारियों तथा देवघर और दुमका जिला प्रशासन के साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने देवघर और बाबा बासुकीनाथ धाम में एक महीनें तक चलने वाले श्रावणी मेले में विधि व्यवस्था, बिजली–पानी और साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मंदिर कांवरियों को किसी तरह का व्यवधान नहीं होना चाहिए।

****

दुमका के बाबा बासुकीनाथ धाम में श्रावणी मेला को लेकर सारी तैयारिया लगभग पूरी कर ली गई है।

****

चतरा जिले में आज बैक टू स्कूल अभियान कार्यक्रम में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए। उन्हेंने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में उपायुक्त समेत कई अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं श्रम मंत्री ने चतरा जिले के गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया।

****

सरायकेला–खरसांवा जिला के मजनाघाट से तेलाईडीह तक लगभग चौदह किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का मंत्री चम्पाई सोरेन ने आज शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि पूरे राज्य में पंद्रह हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कें बनाई जा रही हैं, ताकि गांवों का जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क बन सके। उन्होंने यह भी कहा कि सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने के लिए खरगई नदी पर तीन बैराज भी बनाये जा रहे हैं।

****

राज्य की महिला और बाल विकास मंत्री बेबी देवी ने आज गिरिडीह जिले के डुमरी में स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल वितरण योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चियों की शिक्षा समेत सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस प्रखंड में तीन हजार छह सौ स्कूली विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरित किया जाएगा।

****

संक्षिप्त खबरें

- गुमला जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज डुमरी प्रखंड स्थित बाबा टांगीनाथ में श्रावणी मेला को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।
- सरायकेला–खरसांवा के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने आज गम्हरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने तय समय सीमा में दाखिल खारिज, आवासीय, जाति और आय प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।
- राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में बीती रात एक बैंक कर्मी की हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पिस्टल के साथ आज गिरफ्तार कर लिया।
- झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अधिवेशन कल खूंटी में आयोजित होगा। इसमें पूरे राज्य से प्रतिनिधि शामिल होंगे।

➢ गुमला जिला पुलिस ने सत्रह जुलाई को एक चिकित्सक के आवास पर 20 लाख रुपए और जेवरातों की हुई चोरी मामले का खुलासा कर लिया है। इस मामले में मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

****

रामगढ़ के जिला परिवहन पदाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या तैंतीस की चुटूपालू घाटी और पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चूटूपालू घाटी में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने वाहन चालकों को घाटी क्षेत्र मे सुरक्षित वाहन चालन और सडक सुरक्षा को लेकर जागरुक किया।

********समाप्त********